बालभवन बालिका विद्यापीठ लखीसराय

कक्षा – पंचम् **दिनांक -04-01-2021**

विषय -हिन्दी **विषय शिक्षक -पंकज कुमार**

एन, सी, ई, आरटी, पर आधारित

सुप्रभात बच्चों हार्दिक शुभकामनाएँ नववर्ष की।

शब्द

शब्द की परिभाषा-वर्णों का सार्थक समूह ही शब्द कहलाता है; जैसे- राम, सीता, पुस्तक आदि।

शब्दों के भेद

अर्थ के अनुसार शब्द दो प्रकार के होते हैं-
(१) सार्थक शब्द-जिस शब्द से कुछ अर्थ प्रकट हो, उसे 'सार्थक शब्द' कहते हैं, जैसेपुस्तक, आम, लड़का आदि।
(२) निरर्थक शब्द-जिस शब्द से कुछ भी अर्थ न निकले उसे 'निरर्थक शब्द' कहते हैं, जैसे- कस्तपु, काड़ल, लमक आदि।

व्याकरण के अनुसार शब्द दो प्रकार के होते हैं

1. विकारी तथा
2. अविकारी (अव्यय)

1. विकारी शब्द- लिंग, वचन तथा कारक के कारण जिन शब्दों के रूप बदल जाते हैं, उन्हें 'विकारी शब्द' कहते हैं। ये चार प्रकार के होते हैं- संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया तथा विशेषण।
2. अविकारी शब्द (अव्यय)- जिन शब्दों के रूप सदैव एक समान रहते हैं यानी लिंग वचन और कारक के कारण जो कभी परिवर्तित नहीं होते, उन्हें 'अविकारी शब्द' या 'अव्यय' कहते हैं। ये भी मुख्यतः चार प्रकार के होते हैं- क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक और विस्मयादिबोधक।